# विप्लव गायन

---

Question 1.
कवि किससे कह रहा है?
(a) भारतीयों से
(b) अन्य कवियों से
(c) अपने मित्रों से
(d) गीत गाने वालों से

▼ Answer

Answer: (b) अन्य कवियों से

---

Question 2.
कवि की वीणा से क्या निकल रही हैं?
(a) मधुर धुनें
(b) चिंगारियाँ
(c) श्रृंगार-गीत
(d) स्वर-लहरियाँ

▼ Answer

Answer: (b) चिंगारियाँ

---

Question 3.
"विप्लव' का यहाँ क्या अर्थ है?
(a) जल-भराव
(b) आँधी
(c) तूफान
(d) क्रांति

▼ Answer

Answer: (d) क्रांति

---

Question 4.
कवि कैसी तान सुनाने की बात कर रहा है?
(a) मधुरता भरी
(b) संगीतमय
(c) उथल-पुथल मचाने वाली
(d) कर्णप्रिय

▼ Answer

Answer: (c) उथल-पुथल मचाने वाली

---

Question 5.
'विप्लव गायन' कविता के कवि कौन हैं?

(a) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(b) रहीम
(c) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(d) महादेवी वर्मा

▼ Answer

Answer: (c) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

---

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न-निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के दिए गए उत्तरों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए

1. कवि, कुछ ऐसी तान सुनाओ
जिससे उथल पुथल मच जाए,
एक हिलोर इधर से आए,
एक हिलोर उधर से आए।

सावधान! मेरी वीणा में
चिनगारियाँ आन बैठी हैं,
टूटी हैं मिज़राबें, अंगुलियाँ

दोनों मेरी ऐंठी हैं।
कंठ रुका है महानाश का
मारक गीत रुद्ध होता है,
आग लगेगी क्षण में, हृत्तल में
अब क्षुब्ध-युद्ध होता है।

Question 1.
कवि किसका आह्वान कर रहा है?
(a) सरस्वती का
(b) कवियों का
(c) भारतीय युवकों का
(d) स्वतंत्रता सेनानियों का

▼ Answer

Answer: (b) कवियों का

---

Question 2.
कवि अन्य कवियों से कैसी कविता की सनने की चाह रखता है?
(a) जो शृंगार गीत हो
(b) जिसमें भक्ति रस हो
(c) जो समाज में क्रांति ला दे
(d) जो समाज में नैतिक मूल्य प्रदान कर सके

▼ Answer

Answer: (c) जो समाज में क्रांति ला दे

---

Question 3.
कवि की वीणा से निकल रही चिंगारियाँ क्या कर सकती हैं?

(a) वे समाज से शोषकों को मिटा सकती है
(b) वे समाज को नई दिशा दे सकती है।
(c) वे समाज को नवनिर्माण की ओर ले जा सकती है
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

---

Question 4.
कवि ने क्रांति के गीत लिखने का निश्चय क्यों कर लिया है?
(a) क्योंकि उनके मन में वैभवशाली बनने की इच्छा है
(b) क्योंकि उनके मन में शोषकों के प्रति आक्रोश एवं घृणा है
(c) क्योंकि वे समाज के ठेकेदारों से बदला लेना चाहते हैं।
(d) क्योंकि उनके मन में कोमल भावनाओं का उदय हुआ है

▼ Answer

Answer: (b) क्योंकि उनके मन में शोषकों के प्रति आक्रोश एवं घृणा है

---

Question 5.
समाज में फैली घातक रूढ़ियाँ किस अग्नि में जलकर भस्म हो जाएगी?
(a) जंगल में लगी अग्नि में
(b) कूड़े-कचरे की अग्नि में।
(c) हृदय में लगी अग्नि में
(d) थोथी परंपराओं की अग्नि में

▼ Answer

Answer: (c) हृदय में लगी अग्नि में

---

2. झाड़ और झंखाड़ दग्ध हैं
इस ज्वलंत गायन के स्वर से,
रुद्ध-गीत की क्रुद्ध तान है
निकली मेरे अंतरतर से।

कण-कण में है व्याप्त वही स्वर
रोम-रोम गाता है वह ध्वनि,
वही तान गाती रहती है,
कालकूट फणि की चिंतामणि।

आज देख आया हूँ-जीवन के
सब राज़ समझ आया हूँ,
भ्रू-विलास में महानाश के
पोषक सूत्र परख आया हूँ।

Question 1.
कवि ने मन रुका हुआ क्रांति गीत किस रूप में प्रकट होगा?
(a) शांति के रूप में
(b) प्रेम के रूप में

(c) ज्वाला के रूप में
(d) वैभव के रूप में

▼ Answer

Answer: (c) ज्वाला के रूप में

---

Question 2.
कवि के कंठ से निकला हुआ गीत कैसा है?
(a) व्यापक
(b) मर्मस्पर्शी
(c) नाशकारक
(d) कष्टकारक

▼ Answer

Answer: (d) कष्टकारक

---

Question 3.
क्रांति गीत को कौन गा रहा है?
(a) सभी मनुष्य
(b) भयंकर विष को धारण करने वाला शेषनाग
(c) शोषण करने वाले
(d) 'क' और 'ख' कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) 'क' और 'ख' कथन सत्य हैं

---

Question 4.
महानाश का पोषक सूत्र कहाँ स्थित है?
(a) प्रेम में
(b) घृणा में
(c) क्रोध में
(d) उदारता में

▼ Answer

Answer: (c) क्रोध में

---

Question 5.
कवि क्या राज़ समझ गया है?
(a) शोषक समाज अपनी कमी से ही शोषक है।
(b) शोषणकर्ता ही शोषकों की समस्याओं का जिम्मेदार है।
(c) बिना टेढ़ी भौंह किए क्रांति नहीं आ सकती।
(d) क्रांति से समाज का भला नहीं हो सकता।

▼ Answer

Answer: (c) बिना टेढ़ी भौंह किए क्रांति नहीं आ सकती।

---